## स्पीड ब्रेकर व खुले चैंबर से खतरा



**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर गोटेगांव शहर की व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। मामला यह है कि नगर में लगभग हर घर के सामने लोगों ने अपनी सुविधानुसार अनाधिकृत स्पीड ब्रेकर बनवा रखे हैं जो यातायात व्यवस्था में ग्रहण बन चुके हैं। इन स्पीड ब्रेकर से कई जगह दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। साथ ही वाहन चलाने में लोगों को परेशानी होती है। वहीं इन अनधिकृत स्पीड ब्रेकर से शहर की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है। नगर की कोई सड़क एव कोई कुलिया नहीं है जहां पर लोगों ने अपनी मर्जी से घर के सामने ही गति अवरोधक ना बना लिए हो संबंधित विभाग को इस और ध्यान देने की फुरसत नहीं है।

इन दिनों सफाई व्यवस्था चरमरा गई है संबंधित विभाग के पास भारी संख्या में सफाई कर्मचारी तो हैं परंतु व्यवस्था शून्य होती जा रही है जिससे नगर की सुंदरता खत्म हो रही है।शहर के वार्डों में बजबजाती नालियां हर जगह जगह पर लगे कचरें के ढेर स्वयं सफाई की दर्द भरी दास्तान बयान कर रहे हैं। नगर के कई वार्ड इस समय सफाई के अभाव में गंदगी से जूझ रहे हैं वहीं मुरलीधर मंदिर के आसपास गंदगी बढ़ती जा रही गंदगी भी घास फूस के ढेर से भी मच्छर पनपने शुरू हो गए हैं। जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।संबंधित विभाग भी इस तरफ उदासीन बना हुआ है।

कई वर्षों पहले नगर के वार्डों में बनी सी सी रोड का दम निकल चुका है और नगर के वार्डों की सी सी रोड अब आक्सीजन पर चल रही है जगह जगह से कटी फटी सड़कें अपना अस्तित्व खोती नजर आने लगी हैं जिससे नगर के नागरिकों को चलना मुश्किल हो रहा है ये सड़कें बीच के क्रास आकार में कटी हैं कई जगह गड्ढे हो चुके हैं परंतु इनकी ओर किसी जबाब दार जनप्रतिनिधि या अधिकारी का ध्यान ही नहीं है। इसके चलते हमारा सुंदर शहर अपनी चमक खोता जा रहा है। लए जो कि राहगीरों की मुसीबत का सबब बन गए हैं।

**कई जगह खुले चैंबर दे रहे दुर्घटना को दावत** - गोटेगांव में संबंधित विभाग द्वारा शहर के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए चैंबर खुले पड़े हुए हैं उनके ऊपर जाली भी नहीं लग सकी है जिससे प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं उनमें आवारा घूमते जानवर और लोग अनजाने में गिर कर चोटिल होते हैं इसकी व्यवस्था संबंधित विभाग अभी तक नहीं बना पाया है साथ ही चैंबर की सफाई भी ना होना नगर में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है कूड़ा करकट चैंबरों के अंदर रहता है उस पर पानी जो आता है वहीं पेयजल जनता पी रही है जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बनता जा रहा है नगर के नागरिकों ने पेयजल सप्लाई के लिए बनाए गए चैंबरों की साफ सफाई करवाकर उनके ऊपर जाली लगाए जिससे राहगीर और आवारा पशु चोटिल ना हों। नगर में अनेक जगह-जगह कचरे के ढेर लगे रहते हैं। जिनमें आवारा पशु जाकर पॉलिथीन खाकर बीमार पड़ते हैं। एवं उक्त गंदगी से मच्छर पनपते हैं जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां फैलने का डर भी रहता है।

## समस्याओं के निराकरण को लगाई किसान चौपाल

### सिवनी शाखा कैनाल में तीन दिसंबर तक पहुंचेगा पानी

**सिवनी, देशबन्धु।** गत 26 नवम्बर 2024 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा किसान बंधुओं को हो रही समस्याओं को लेकर लगायी गयी किसान चौपाल में सहभागिता कर अधिकारियों के समक्ष समस्याओं को रख निराकरण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महत्वाकांक्षी पेंच व्यपवर्तन नहर के अधूरे कार्यों और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध न कराने से खेती-किसानी में किसान बंधुओं को हो रही समस्याओं को लेकर एरीगेशन कालोनी सिवनी में लगायी गयी किसान चौपाल में विधायक श्री राय सहभागिता कर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिए गये।



इस दौरान लगायी गयी चौपाल में उपस्थित किसान बंधुओं द्वारा सिवनी शाखा केनाल समय पर प्रारंभ नही किया जाना, संपूर्ण बखारी शाखा केनाल में पानी न पहुंचना, कलारबांकी क्षेत्र नहर का अधूरा कार्य व सिंचाई हेतु अभी तक पानी नही छोड़ा जाना, माईनर नहरों के अधूरे कार्यों को पूर्ण किये जाने की मांग प्रमुखता से रखी गयी। इसके साथ ही माईक्रो लिफ्ट एरीगेशन से सिंचाई के संबंध में बात रखी गयी। किसान चौपाल में विधायक श्री राय ने किसानो एवं विभागीय अधिकारियों के बीच उक्त समस्याओं के निराकरण में मध्यस्थता करते हुए समस्याओं के समाधान किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

जिस पर अधिकारियों द्वारा सिवनी शाखा केनाल मे 03 दिसंबर 2024 तक पानी दिये जाने, डी 4 कलारबांकी, डी 4 बजरवाडा , डी 4 अलोनिया परसिया माईनर में 15 दिसंबर 2024 तक पानी दिये जाने के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय किसान बंधु संयुक्त रुप से 27, 28 नवंबर को उक्त नहरों का निरीक्षण एवं अधूरे कार्यों को चिन्हित कर अवगत कराने पर सहमति जताई गयी ।

इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा बताया गया कि माईक्रो लिफ्ट एरीगेशन के लिए केन्द्र सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने व क्षेत्र में सर्वे किये जाने की बात कह जहां-जहां नहर के माध्यम से सिंचाई नही हो पा रही वहां-वहां लिफ्ट से सिंचाई की जावेगी। इसके अलावा किसानों की शिकायतों पर विधायक श्री राय द्वारा विघुत विभाग के अधिकारियों को जले हुए ट्रांसफार्मर बदले जाने, बोल्टेज समस्या का निदान करने, समय पर सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली प्रदान करने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने सभी के साथ भोजन गृहण किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में किसान बंधुओं की उपस्थिति रही।

## सार-समाचार

### धुर्वे ज़िला उपाध्यक्ष, यादव शहर अध्यक्ष बने



**सौसर, देशबन्धु ।** पांढुरना जिले में भारत मुक्ति मोर्चा के (औफसुटविंग) साथ के संगठनो में प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से बहुजन महापुरुषों की विचार धारा को आगे बढ़ाते हुए गांव गांव में ओ.बी.सी समाज आदिवासी समाज की जागृति और एकता के लिए राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के जिला उपाध्याय पद पर भास्कर (गुड्डू) चंदू धुर्वे मुकाम कारली को नियुक?त किया गया, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सौसर शहर अध्यक्ष पद पर गोवारी समाज के वरिष्ठ नेता रमेश यादव को नियुक्त किया गया । नवनियुक्त पदाधिकारी को फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महासचिव विजय घाटोड़, सैफ अली, रूपेश सोमकुवर,मनोहर गजभिए, महादेव गोडबोले,पुरुषोत्तम ढोके, सिराज शेख, आदि विशेष रूप से उपस्तिथ रहकर नव नियुक्त पदाधिकारी गणों को बधाई दी ।

### नि:संतान महिलाओं का दिया नि:शुल्क परामर्श

**रामाकोना, देशबन्धु ।** ग्राम के पांडे हॉस्पिटल में बेबी श्योर आईवीएफ सेंटर के सौजन्य से नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमे क्षेत्र की दर्जनों महिलाओ ने शिविर का लाभ लिया । डॉक्टर विजया पांडे ने जानकारी देते हुए बताया की बुधवार को पांडे हॉस्पिटल में ऐसी महिलाओं का शिविर आयोजन किया गया जो संतान प्राप्ति के लिए कोशिश कर रही है। इस शिविर में क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं का उपचार पुणे से आये हुए स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम ने किया । डॉ गुलाबराव पांडे ने बताया की ये शिविर रखने के पीछे का उद्देश्य है की महानगरो मे मिलने वाला उपचार ऐसे शिविर के माध्यम से गांव में हो रहा है ।



### वार्षिकोत्सव 30 नवंबर को

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर में मुरदई रोड पर स्थित शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा और बेहतर संस्कार देने वाली संस्था यूनिवर्सल पब्लिक हा. से. स्कूल गोटेगांव में 30 नवंबर 2024 दिन शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम का शुभारंभ और संस्था का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन मान. जालमसिंह पटैल (पूर्व राज्यमंत्री, म.प्र. शासन) के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 30-11-2024 दिन शनिवार को सायं 5 बजे से आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक के लगभग 300 छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी डांस, राजस्थानी फोक, बुंदेलखंडी, गुजराती फोक डांस, हॉरर एक्ट,इसके अलावा कत्थक एवं कुचिपुड़ी नृत्य के साथ-साथ विभिन्न नाटकों का मंचन एवं बॉलीवुड कार्यक्रमों की रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। यूनिवर्सल स्कूल के संचालक अरविंद पटेल एवं सभी स्टाफ ने नगर और सभी सम्मानीयजनों से हार्दिक आग्रह किया है कि हमारे इस कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के साथ-साथ समस्त छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर हमें अनुग्रहीत करें।स्मरण हो कि संस्था द्वारा समय समय पर बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं।

### जनसुनवाई में आए 130 आवेदन

**सिवनी, देशबन्धु ।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई प्रभारी कलेक्टर नवजीवन विजय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। आयोजित हुई ।जिलास्तरीय जनसुनवाई में ग्राम आदेगांव तहसील लखनादौन निवासी घनश्याम साहू द्वारा वृद्धा पेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम छिडिया आवासटोला निवासी रामभरोस यादव द्वारा जाति प्रमाण पत्र अमान्य किये जाने की शिकायत विषयक, तहसील बरघाट ग्राम काडी निवासी पुष्तकला बारमाटे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृत राशि के बाद निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए जाने विषयक, ग्राम करहैया सिवनी निवासी रैनू नामदेव द्वारा पटवारी एवं आरआई द्वारा गलत सीमांकन किये जाने की शिकातय विषयक, ग्राम पुंगर तहसील केवलारी निवासी शेख मुस्तकीम कादरी द्वारा पुत्र की दुर्घटना के बाद मृत्यु उपरांत संबल योजना की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम पिपरिया थाना कान?हींवाडा निवासी राजेन्द्र ठाकुर द्वारा सिंचाई के लिए पानी दिलाये जाने विषयक, ग्राम जुरतुरा थाना बंडोल निवासी रूपाबाई परते द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

## महाबोधि महाविहार से कब्जा हटाने को सौंपा ज्ञापन

**सौसर, देशबन्धु ।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर समता सैनिक दल जिला शाखा सौंसर द्वारा 26 नवंबर को बौद्ध विहार सौंसर में सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना ली गई। डॉ बाबासाहेब अंबेडकरजी के प्रतिमा समक्ष पुष्प अर्पित अभिवादन कर जयभीम सलामी दी गई। बुद्ध विहार से पथ संचलन कर अंबेडकर तिराहे पर पहुंचकर बाबासाहब अंबेडकर की प्रतिमा समक्ष अभिवादन जयभीम सलामी एवं भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन एवं संविधान का पालन कर संविधान पर चलने शपथ ग्रहण की गई।





**संविधान उद्देशिका के शिलालेख अनावरण में हुए शामिल** - नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम भारतीय संविधान की उद्देशिका के शिलालेख अनावरण समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा डागा, नगर पालिका सीएमओ मौसम पालेवार, समस्त सभापति, पार्षदगणों व राजस्व निरीक्षक रमन बागडे, नरेंद्र रंगारे, नगर पालिका स्टाफ की उपस्थिति में समता सैनिक दल ने उपस्थिति दी। साथ ही संविधान की उद्देशिका एवं बाबासाहेब अंबेडकरजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर जयभीम सलामी दी गई।

महाबोधि महाविहार बौद्धगया पर अन्य समुदाय के द्वारा किए गए कब्जे को हटाते हुए महाबोधि महाविहार बौद्धों के हाथों में देने तहसील कार्यालय में पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय राजस्व अधिकारी की ओर ज्ञापन सौंपा गया।

वापस बौद्ध विहार में पहुंचकर समता सैनिक दल द्वारा आयोजित में भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर समता स्वतंत्रता बंधुत्व न्याय के साथ संवैधानिक अधिकारों पर विचार रखे गए।

इस अवसर पर समता सैनिक दल के जीओसी बाबाराव चारे, सहायक जीओसी हीरामन सोमकुंवर, डॉ वाय एल ठवरे, एरिया अधिकारी अशोक डोंगरे, एमआर शेंडे,अरुण चवरे, पीआरओ रमेश रंगारे,सचिव प्रवीण ठवरे,शाखा अधिकारी शेषराव बागड़े, गिरिजा डोंगरे, रेणुका ठवरे, कल्पना गजभिए, कुसुम सहारे, चंदा सहारे, रंजना रंगारे, ज्योति बंसोड, राजेंद्र गजभिए,कल्पना ठवरे, ज्योति दुफारे, रामकृष्ण गजभिए,माया गजभिए, विनोद सोमुकुंवर,यमुना शेंडे, रेखा शेंडे, अनिरुद्ध दुफारे, नंदा सोमकुंवर, आदि समाज बंधु मौजूद थे।

## संविधान के चलते ही है देश सुरक्षित : महाकौशल पार्टी



**छपारा, देशबन्धु ।** संविधान दिवस पर महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सतीश नागजी मैं कहा है कि संविधान को बने 75 वर्ष हो चुके हैं। संविधान के कारण हमारे देश में कोई विदेशी हमला नहीं हो रहा है भारतीय संविधान में सभी को न्याय एवं बंधुता की बात की गई है भारत के रहने वाले सभी जाति धर्म के लोगों की रक्षा की बात की गई है ।

संविधान है तो देश सुरक्षित है अत: हम सब लोग मिलकर देश को मजबूत बनायें, एवं महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी को मजबूती प्रदान करें।

इस अवसर पर एम एल लाल जावरे जिला अध्यक्ष सिवनी पर्यवेक्षक राजेंद्र मनकवाडे, प्रिया पटले, जेपी कौशले ब्लॉक अध्यक्ष लखनादौन एवं अन्य पदाधिकारीयों के द्वारा कचहरी चौक सिवनी पहुंचकर संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया इस अवसर पर महाकौशल राष्ट्रीय पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुरक्षा और पोषण हर नवजात का जन्मसिद्ध अधिकार

**सिवनी, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल सिवनी की नवजात शिशु इकाई में 25 से 30 नवम्बर 2024 तक चलने वाले राष्ट्रीय नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसकी थीम 'सुरक्षा, गुणवत्ता और पोषण देखभाल प्रत्येक नवजात शिशु का जन्म सिद्ध अधिकार' है।

प्रभारी सिविल सर्जन डॉ राजेश्वरी कुशराम ने बताया कि नवजात शिशु को जन्म के बाद पूरी सुरक्षा का अधिकार हैं शासन एवं प्रशासन पूरा प्रयास कर रहा है लेकिन शिशुओं के परिजनों की भी जवाबदारी है कि वह अपने नवजात शिशु को स्वस्थ रखने में मददगार बनें। जन?म के बाद 6 माह तक सिर्फ और सिर्फ मॉ का दूध ही पिलाएं, ठण्ड के मौसम और इन्फेक्शन से बचायें और जरूरत अनुरूप चिकित?सा सलाह लेना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसाम ने बताया कि स्वस्थ मॉ स्वस्थ बच्चा के विकास एवं माता के संतुलित पोषण आहार व्यक्तिगत स्वस्च्छता के बारे में विस्तार से बताया। इसी तरह डॉ. ज्योति झारिया के द्वारा स्तनपान एवं बच्चें को संक्रमण एवं बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. लोकेश चौहान ने बताया कि सुरक्षित नवजात के लिए सुरक्षित मॉ का होना भी जरूरी है, मॉ का पोषण टीकाकरण और खान पान तथा आराम पर विशेष ध्?यान रखा जाना चाहिए।

जिला मीडिया अधिकारी शांति डहरवाल के द्वारा स्तनपान के मुख्य चार संदेश बताये गए जिसमें 1.जन्म के 1 घंटे के अंदर स्तनपान,2जन्म के 6 माह तक सिर्फ और सिर्फ स?तनपान, 3.6 माह के बाद स्तनपान के साथ उपरी पूरक पोषण आहार, 4.बच्चों को लगातार दो वर्ष तक स्तनपान कराना आवश्यक है। डीपीएचएनओ एम.एन.जोसफ ने सही तरीके से स्तनपान कराने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में डीएचओ-1 मनीषा सिरसाम, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश्वरी कुशराम, डॉ. ज्योति झारिया, जिला मीडिया अधिकारी शांति डहरवाल, डीपीएचएनओ एम.एन. जोसफ, नर्सिंग ऑफिसर भागरता बोपचे, कविता खोब्रागड़े, नीता सिंह, सीमा पटेल, अंजुम परवीन, मेघा पाण्डेय, कुसुम तेकाम, ममता ऑफिसर, इंद्रा अड़कने, कुसुम चन्द्रवंशीउपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए शिशुओं एवं मॉं को विशेष चिकित्सकीय सुरक्षा प्रदान कर शिशु सुरक्षा सप्ताह को सफल बनाने में योगदान देने की अपील की है।

## हमें लोकतांत्रिक बनाता है संविधान

**सिवनी, देशबन्धु।** संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान के विषय में नागरिकों को जागरूक करने व संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय कुरई में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ।

प्राचार्य बीएस बघेल ने समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 2015 में की गई। हमारा संविधान हमें समानता, न्याय व भाईचारे के नैतिक मूल्यों और लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने का भाव रखता है।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो पंकज गहरवार ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो पवन सोनिक ने कहा कि संविधान एक मौलिक कानूनी आलेख हैं, जिसके अनुसार किसी देश की सरकार कार्य करती हैं। इसी कड़ी में छात्रा ज्योति अंबागढ़े ने कहा कि भारत का संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है। इन अधिकारों के अभाव में कोई देश लोकतांत्रिक नहीं हो सकता।

इस अवसर पर महाविद्यालय कुरई में संविधान की जागरूकता हेतु विविध प्रतियोगिताएं जैसे पोस्टर, नारा लेखन, निबंध, भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई। संविधान के प्रति लोगों में समझ को बढ़ावा देने के लिए रासेयो स्वयंसेवकों ने रैली निकाली और मानव श्रृंखला बनाई।

## छात्रों को दी उनके अधिकार और कर्त्तव्यों की जानकारी

**सौसर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सौसर में प्राचार्य भास्कर गावंडे की उपस्थिति मे 75 वां भारतीय संविधान दिवस उत्साह व गरिमा से मनाया गया । संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर के छायाचित्र पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने माल्यार्पन किया एंव छात्राओ ने पुष्पांजलीअर्पित कर तथा दीपक जलाये।



इस संविधान दिवस पर प्राचार्य गावंडे ने छात्राओं से नागरिको के लिए विभिन्न संविधानिक अधिकारों पर चर्चा की और संविधान की महत्वपूर्ण बातें बताई । सूर्यकीर्ति काले वरिष्ठ शिक्षक ने छात्राओ को अपने भवितव्यों के संबंध में प्रेरित किया और उन्हें बताया कि संविधान के माध्यम से हमारे देश मे पितृसत्तात्मक समाज के प्रभाव के बावजूद आधी आबादी अर्थात महिलाओ को वास्तविक, स्वतंत्रता, सामाजिक व राजनैतिक न्याय तथा समानता का अधिकार संविधान के कारण ही प्रदान किया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक राजरत्न बागडे ने संविधान दिवस पर संविधान की प्रति शाला को उपहार में प्राचार्य को प्रदान कि और कहा की सभी छात्राएं इसे पढ़ कर अपने अधिकारों तथा कर्तव्यको जाने।

शिक्षक कीर्तिसागर बागडे ने संविधान मे बालको एंव महिलाओ के अधिकारों के बारे में जानकारी दी । इस कार्यक्रम ने छात्राओं को संविधान के महत्वपूर्ण अधिकार और कर्त्तव्यों के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा, शिक्षक और अन्य स्टाफ ने इस सबका समर्थन किया और संविधानिक मानदंडों का पालन करने की अपील की। अंत मं शिक्षिका संगीता ढोके तथा छात्रा खुशी गजभीये ने संविधान की उद्देशिका हम भारत के लोग का वाचन किया जिसे सभी ने दोहराया इस अनूठे कार्यक्रम को मनाने में शिक्षिका शकुंतला कमाले, निरू गुरू, सरोज वालके, शशिकला नागले, शिक्षक राजेंद्र डोंगरे, बाजीराव धुर्वे, प्रमोद नागदवने, अमित तातेकर, अतुल बनाईत, रेखराज राउत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कक्षा दसवी की छात्रा कु सपना उइके ने संविधान पर विभिन्न प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संविधान के बनने, अध्यक्ष, प्रारूप समिति, संविधान सभा,उनके सदस्य, पृष्ठ संख्या, अनुछेद, अनुसूचिया, नियम, आदि के बारे मे जानकारी प्रदान की।

## दैनिक राशिफल

**गुरूवार 28 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी नक्षत्र-चित्रा।**

**मेष** - आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ** - आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन** - आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

क.

**कर्क** - आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह** - आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या** - आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला** - आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक** - आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु** - आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर** - आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ** - आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** - आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.